चुटकी बजाय हनुमान देखो चुटकी बजाय हनुमान
तर्ज होले होले हो जाएगा प्यार बलिए

करने लगे सब सेवा श्री राम की,
छोटी सी सेवा बस देखो हनुमान की,
हे भोला बड़ा नादान कुछ सोचा नही परिणाम,
चुटकी बजाय हनुमान देखो चुटकी बजाय हनुमान।।

वाह वाह प्रभु श्री राम के दीवाने
बेठ गया छत पर चुटकी बजाने
चाहे दिन हो चाहे रात,चाहे सुबह हो चाहे शाम
चुटकी बजाये हनुमान देखो चुटकी बजाय हनुमान।।

रूकती नहीं हे चुटकी जरा सी
रूकती नहीं देखो राम की उबासी
देखो दुखी हो गए राम और घर वाले परेशान
चुटकी बजाये हनुमान देखो चुटकी बजाय हनुमान।।

वैद्य पकड़ लाये लक्ष्मण भय्या
नजर उतारे देखो सीता मय्या
पूजा पाठ करे सब गाँव,भाई भरत करे देखो काम
चुटकी बजाये हनुमान देखो चुटकी बजाय हनुमान।।

जाओ ढूंड लाओ कोई मेरे हनुमान को
जिसने संभाला हर घडी इस राम को
कर देता मेरा हनुमान, एक चुटकी बजा के काम
चुटकी बजाये हनुमान देखो चुटकी बजाय हनुमान।।

महंगा पड़ गया तुम्हे सेवा से निकालना
तेरे ही वश में बस राम को संभालना
आया बनवारी अंजान, कहे ना राम बिना हनुमान
आजा फिर से तू हनुमान वापस, फिर से तू हनुमान।।

करने लगे सब सेवा श्री राम की
छोटी सी सेवा बस देखो हनुमान की
हे भोला बड़ा नादान कुछ सोचा नहीं परिणाम
चुटकी बजाय हनुमान देखो चुटकी बजाय हनुमान।।

Source: https://www.bharattemples.com/chutki-bajaye-hanuman-dekho/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples

Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw